प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में रांची स्थित राजेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रिम्स की एक छात्रा को गिरफ्तार किया है। गहन पूछताछ के बाद रिम्स की 2023 बैच की एमबीबीएस की छात्रा सुरभि कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने उसका मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिये हैं। रामगढ़ जिले की मूल निवासी सुरभि कुमारी ने कथित तौर पर पेपर लीक मामले के दोषियों के लिए नीट परीक्षा के पेपर हल किए थे।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दिन के लगभग डेढ़ बजे रांची पहुंचेंगे और भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित पार्टी की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में श्री शाह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करेंगे। इससे पहले झारखंड से चुनाव जीतने वाले सांसदों का वे अभिनंदन करेंगे। श्री शाह लगभग छह घंटे तक रांची में रहेंगे। इसके बाद वे पुणे के लिए रवाना हो जायेंगे।

****

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण – एनएचएआई वाहनों में आगे वाले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहन मालिकों से दोगुना टॉल वसूल करेगा। प्राधिकरण ने कहा है कि जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे लोगों को असुविधा होती है। प्राधिकरण ने इस संबंध में सभी शुल्क संग्रह एजेंसियों को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी कर ऐसे वाहनों से दोगुना शुल्क वसूल करने को कहा है।

****

रांची में तितलियों की दुर्लभ प्रजातियां पायी जाती हैं। इसका खुलासा विद्यार्थियों के एक शोध में हुआ है।

****

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र 26 जुलाई से शुरु हो रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी तैयार की जा रही है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव व विभागध्यक्ष को पत्र भी लिखा है और प्रथम अनुपूरक बजट के लिए वांछित स्थापना, योजना संबंधी प्रस्ताव हर हाल में 23 जुलाई तक समर्पित करने को कहा है। मानसून सत्र दो अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल छह बैठकें होंगी।

****

झारखंड हाईकोर्ट में आज पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के उपायुक्त सशरीर उपस्थित हुए। पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले में 10 ग्राम सेविकाओं की नियुक्ति को 24 वर्ष बाद रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद सभी ग्राम सेविकाओं ने नियुक्ति रद्द करने के खिलाफ और बकाया वेतन एवं रिटायरमेंट बेनिफिट की मांग को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक की अदालत में हुई।

****

टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल पर आज रांची पीएमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

****

केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने सरकार की खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आईडेंटीफिकेशन–कीर्ति पहल के दूसरे चरण का आज नई दिल्ली में उद्‌घाटन किया। श्री मांडविया ने कहा है कि इसका उद्देश्य एक ही मंच पर जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान करने की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है।

****

मौसम विभाग ने रांची, धनबाद और हजारीबाग समेत सात जिलों में आज हल्की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके अलावा राज्य के पूर्वी इलाकों में भी आज वर्षा हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अब तक राज्य में मानसून की बारिश सामान्य से 49 प्रतिशत कम हुई है। कम बारिश के कारण राज्य के 11 जिलों में धनरोपनी भी शुरू नहीं हो पायी।

****